**भारत सरकार**
**पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2905**
**बुधवार, 20 दिसंबर, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## जलवायु परिवर्तन का समाधान

**2905. श्री विजय कुमारः**

**क्या पृथ्वी विज्ञान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) क्या बिहार मे जलवायु परिवर्तन की समस्याओं के समाधान के लिए कोई योजना बनाई गई है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
पृथ्वी विज्ञान मंत्री
(श्री किरेन रीजीजू)

(क)एवं (ख) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय बिहार समेत समस्त देश में मौसम एवं जलवायु सेवाएं प्रदान करने के लिए "वायुमण्डल एवं जलवायु अनुसंधान-माडलिंग प्रेक्षण प्रणालियां एवं सेवाएं (अक्रॉस)" नामक केंद्रीय क्षेत्र की योजना का कार्यान्वयन करता है। जलवायु परिवर्तन अनुसंधान केन्द्र, भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM) में IITM-ESM नामक एक अत्याधुनिक अर्थ सिस्टम मॉडल (ESM) स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है। क्षेत्रीय जलवायु परिवर्तन अनुमानों को दर्शाते हुए राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन आकलन रिपोर्ट जारी की गई है, जिससे विद्यार्थियों, अनुसंधानकर्ताओं एवं नीति निर्माताओं को लाभ मिलेगा। यह रिपोर्ट https://link.springer.com/book/10.1007/978-981-15-4327-2 लिंक पर उपलब्ध है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने 13 सबसे अधिक खतरनाक मौसम संबंधी घटनाओं के लिए एक भारतीय जलवायु जोखिम एवं सुभेद्यशीलता एटलस तैयार किया है, जिसमें शीत लहर, लू, बाढ़, बिजली गिरने, हिमपात, आंधी, ओला तूफान, गर्ज के साथ तूफान, कोहरा, तेज हवाएं, अत्यधिक वर्षा, सूखा तथा चक्रवात शामिल हैं।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

*******